तुम दिल से जो मैया को याद करो

तुम दिल से जो मैया को याद करो,
मैया सौ बार आगे बढ़ आएगी,
तुम दिल से जो मैया को याद करो,
मैया दूर से दौड़ी चली आएगी,
तुम अगर दो कदम आगे बढ़ो,
मैया सौ बार आगे बढ़ आएगी......

तुम क्या जानो क्या है तेरी तक़दीर में,
क्या छुपा है मैया जी की तस्वीर में,
माँगो तो माँगो मैया से भक्ति सभी,
जो अंत समय में काम आएगी,
तुम अगर दो कदम आगे बढ़ो,
मैया सौ बार आगे बढ़ आएगी......

इसके दर से ना लौटा है ख़ाली कोई,
आज़मा कर तोदेख़ो ओ भक्तों कभी,
तुम पसारो जो झोली उसके दर पे कभी,
पल भर में झोली भर जाएगी,
तुम अगर दो कदम आगे बढ़ो,
मैया सौ बार आगे बढ़ आएगी....

माँ ने सब कुछ दिया है हमें तो अभी,
माँ की आज्ञा का पालन करें हम सभी,
उसे दिल में बसा कर जो चलते रहो,
कभी कोई मुसीबत ना आएगी,
तुम अगर दो कदम आगे बढ़ो,
मैया सौ बार आगे बढ़ आएगी....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/28913/title/tum-dil-se-jo-mayia-ko-yaad-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |